

## जिस वेटर की तलाश में थे सचिन वह मिला, बोला-हैरान हूं उन्हें आज भी याद है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दुनिया के महान बल्लेबाज सचिन तेंडुलकर ने रविवार को अपने ट्विटर हैंडल पर एक विडियो पोस्ट किया था, जिसमें उन्होंने बताया था कि कैसे एक समय चेन्नै में एक वेटर की अहम सलाह ने उनकी बैटिंग की मुश्किलों को आसान बना दिया। इसके बाद सचिन ने फैन्स से अपील की थी कि वे उस वेटर को ढूंढने में उनकी मदद करें। सोमवार को वह शख्स, जिसे सचिन शिद्दत से तलाश रहे थे वह सामने आ गया। सचिन को उनकी बैटिंग में सुधार के लिए अहम सलाह देने वाले यह शख्स गुरुप्रसाद हैं, जो चेन्नै के हैं। मास्टर ब्लास्टर जिन दिनों क्रिकेट खेलते थे तब वह एक टेस्ट मैच के लिए चेन्नै में थे। सचिन को यहां के ताज कोरोमंडल होटल में मिला था और उसने तेंडुलकर को उनके एल्बो गार्ड से जुड़ी अहम सलाह दी थी। सचिन ने उसकी सलाह पर अपना एल्बो गार्ड रिडिजाइन किया था और सचिन ने माना है कि गुरुप्रसाद की यह सलाह उनके बहुत का आई थी। उस लम्हे को याद करते हुए सचिन ने लिखा था, मैं नहीं जानता कि वह अभी कहां है और मैं उससे मिलना चाहता हूं। क्या आप लोग उस वेटर की तलाश में मेरी मदद कर सकते हैं? समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, गुरुप्रसाद को जब सचिन का यह संदेश मिला तो वह रोमांचित हो उठे।

# कोहली टॉप पर बरकरार बोलिंग में बुमराह खिसके

**टेस्ट रैंकिंग**

## अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी स्टीव स्मिथ से 17 अंक आगे हैं विराट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

दुबई। भारतीय कप्तान विराट कोहली सोमवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की नवीनतम टेस्ट रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं, जबकि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह छठें स्थान पर खिसक गए। कोहली (928) ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ से 17 अंक आगे हैं। स्मिथ ने न्यू जीलैंड के खिलाफ पर्थ में खेले गए पहले दिन–रात्रि टेस्ट में 43 और 16 रन बनाए थे। ऑस्ट्रेलिया ने इस मुकाबले को 296 रन से अपने नाम किया था। चेतेश्वर पुजारा (791) और अजिंक्य रहाणे (759) क्रमशः चौथे और छठे स्थान पर बने हुए हैं। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन का रैंकिंग में ऊपर चढ़ना जारी है। न्यू जीलैंड के खिलाफ पर्थ टेस्ट में 143 और 50 रन की शानदार पारियां खेलने वाले लाबुशेन तीन स्थान के सुधार के साथ 5वें पायदान पर पहुंच गए। लाबुशेन हालांकि पाकिस्तान के जहीर अब्बास और मुदस्सर नजर के उस रेकॉर्ड की बराबरी करने से चूक गए थे, जिसमें उन्होंने लगातार तीन पारियों में 150 से ज्यादा का स्कोर किया था।



ताजा जारी इस रैंकिंग में उन्होंने सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर को पीछे छोड़ दिया और स्मिथ के बाद दूसरे सर्वश्रेष्ठ ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज हैं।

श्रीलंका के साथ पहले घरेलू टेस्ट में नाबाद 102 रन की पारी खेलने वाले बाबर आजम पहली बार शीर्ष 10 में पहुंचे हैं। टी20 रैंकिंग में शीर्ष और एकदिवसीय में दूसरे स्थान पर काबिज यह बल्लेबाज टेस्ट रैंकिंग में 13वें से नौवें स्थान पर पहुंच गया। इंग्लैंड की पूर्व सलामी बल्लेबाज (महिला) एनिड बेकेवेल के बाद अपने पहले एकदिवसीय और टेस्ट में शतक लगाने वाले दूसरे क्रिकेट आबिद अली ने टेस्ट रैंकिंग में 78वें स्थान से अपना सफर शुरू किया। वह करियर के पहले एकदिवसीय और पहले टेस्ट में शतक लगाने वाले इकलौते पुरुष क्रिकेटर हैं। गेंदबाजों की रैंकिंग में साउथ अफ्रीका के खिलाफ घरेलू सीरीज से चोट के कारण टीम से बाहर चल रहे बुमराह छठे पायदान पर खिसक गए हैं।

इस रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस पहले स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट में सात विकेट लेने वाले न्यू जीलैंड के नील वेगनर करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग 834 अंक के साथ एक बार फिर तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। मैच में नौ विकेट लेने वाले टिम साउदी भी शीर्ष 10 में जगह बनाने में सफल रहे। इस मैच में 9 विकेट लेने वाले ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज मिशेल स्टार्क करियर के सर्वश्रेष्ठ 806 रेटिंग के साथ सर्वश्रेष्ठ 5वें स्थान पर पहुंच गए।

# साक्षी धोनी का ऐक्टिंग वाला विडियो शेयर कर धोनी ने ली चुटकी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। इन दिनों क्रिकेट से ब्रेक पर चल रहे टीम इंडिया के पूर्व कप्तान एमएस धोनी अपनी पुरानी यादों को टटोल रहे हैं। इन्हीं यादों में अपनी पत्नी साक्षी के साथ जुड़ा एक फनी किस्सा धोनी ने अपने फैन्स के साथ सोशल वेबसाइट इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। धोनी ने अपनी पत्नी के साथ इस विडियो को शेयर करते हुए कैप्शन भी शानदार लिखा है। धोनी ने चुटकी लेते हुए साक्षी को बताने की कोशिश की है कि आखिर ऐक्टिंग करना कितना चुनौतीपूर्ण है।

इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया गया साक्षी धोनी का यह विडियो किसी ऐड शूट का है और साक्षी धोनी यहां एक डायलॉग डिलिवरी करने के लिए रहर्सल कर रही हैं। जब दो–तीन बार की कोशिशों के बाद भी साक्षी को डायलॉग बोलने में दिक्कत आई तो धोनी ने उनको सलाह भी दी है। एक कागज पर लिखे अपने डायलॉग को साक्षी देखकर पढ़ती हैं लेकिन कैमरे पर होने के चलते वह नर्वस हैं और हर बार डॉयलॉग को पूरा नहीं पढ़ पाती हैं।

- डायलॉग पढ़ने में दो–तीन बार हिचकती हैं साक्षी, धोनी बोले– डिलिवर कैसे करोगी?
- विडियो शेयर करते हुए धोनी ने बताया, एक साल से ज्यादा पुराना है यह विडियो

इस बीच साक्षी अपनी गलती पर हंसती भी हैं। इस बीच धोनी उनसे पूछते हैं कि जब तुम देखकर भी नहीं बोल पा रही हो तो डायलॉग की डिलिवरी कैसे दोगी? इस दौरान धोनी हंस भी रहे हैं।

अपनी मुस्कुराहट को धोनी ने शायद अपने कैप्शन में समझाने की कोशिश की है। धोनी ने यहां यह विडियो पोस्ट करते हुए कैप्शन लिखा है, श्इतिहास से कुछ धमाका।

जब आप टेबल घुमा देते हैं और डायरेक्टर को ही डायलॉग डिलिवरी के लिए बोलते हैं खासतौर से तब जब वह लगातार कह रही हो यह बिल्कुल आसान डायलॉग है और आपको इसे एक ही टेक में कर देना चाहिए। धोनी ने आगे लिखा, समय तेजी से भाग रहा है यह एक साल से ज्यादा पुराना हो गया है।श धोनी का यह विडियो इंटरनेट पर खूब पसंद किया जा रहा है।

## कभी मोटापे के कारण झेली उपेक्षा, आबिद बने पाक क्रिकेट के नए सितारे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** रावलपिंडी। पाकिस्तानी चयनकर्ताओं ने कभी मोटापे के कारण उनकी अनदेखी की थी लेकिन आबिद अली ने संयम नहीं छोड़ा और श्रीलंका के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज के दौरान बल्लेबाजी में इतिहास रच डाला। 2009 में हुए आतंकवादी हमले के 10 साल बाद अपनी सरजमीं पर पहले टेस्ट में पाकिस्तान के लिए अगर कुछ सबसे अच्छा रहा तो आबिद के रूप में उसे नया सितारा मिला। बारिश के कारण पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच सीरीज का पहला टेस्ट ड्रॉ रहा। इस टेस्ट में आबिद ने शतक जड़ा और वनडे तथा टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण के साथ सैकड़ा जमाने वाले वह पहले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने रावलपिंडी में नाबाद 109 रन बनाए जबकि मार्च में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे क्रिकेट में पदार्पण के साथ 112 रन की पारी खेली थी। 32 बरस के आबिद को हालांकि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सफलता देर से मिली। लाहौर के मोजांग इलाके के रहने वाले आबिद को शहर के चयनकर्ताओं ने भी एक बार खारिज कर दिया था। उन्होंने इस्लामाबाद के लिए खेलते हुए 2012–13 सत्र में 1083 रन बनाए। इसके बावजूद वह राष्ट्रीय चयनकर्ताओं का ध्यान नहीं खींच सके जिनका तर्क था कि वह मोटे हैं और फिट भी नहीं है।

## न्यूज डायरी



### आईपीएल नीलामीः कोलकाता की स्थिति पर फ्रैंचाइजियों की नजरें

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। नागरिकता संशोधन अधिनियम के कारण पूरे भारत में विरोध प्रदर्शन का दौर जारी है और इनमें से एक सबसे प्रभावी इलाका पश्चिम बंगाल है। इंडियन प्रीमियर लीग के अगले संस्करण की नीलामी 72 घंटों के भीतर कोलकाता में होनी हैं। ऐसे में इस लीग की सभी फ्रैंचाइजियां शहर पर नजरें रखी हुई हैं। बीसीसीआई के एक सीनियर अधिकारी ने कहा कि यह बहुत जाहिर सी बात है कि हर कोई स्थिति को जानना चाहता है क्योंकि वहां राज्य में हिंसक विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। अधिकारी ने कहा, श्ज्यादा घबराने की जरूरत नहीं है। लेकिन हां, वहां क्या हो रहा है इस पर नजर रखी जा रही है। नीलामी गुरुवार को होनी है और आज वहां रैली निकाली गई। हमें लगातार स्थिति पर नजर रखनी होगी।

### 198 गेंदें और नतीजा कोई विकेट नहीं, ये रहा चेन्नै में स्पिनरों का हाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत में हमेशा से स्पिनरों का बोलबाला रहा है लेकिन लगता है कि अब वह बीते वक्त की बात हो चली है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण चेन्नै में रविवार को देखने को मिला जब 198 गेंदें फेंकने के बाद भी स्पिनरों को एक भी विकेट नहीं मिला। एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में भारत और वेस्ट इंडीज के बीच खेले गए सीरीज के पहले वनडे मुकाबले में कुल 10 विकेट गिरे लेकिन एक भी विकेट स्पिनरों को नहीं मिला। इनमें से आठ विकेट भारत के गिरे और दो विकेट वेस्ट इंडीज के। कुलदीप यादव ने 10 ओवर डाले, रवींद्र जडेजा ने भी 10 ओवर डाले जबकि केदार जाधव ने एक ओवर डाला लेकिन इन्हें सफलता नहीं मिली। भारत के स्पिनरों ने इस मैच में कुल 126 गेंदें डालीं जबकि कैरेबियाई स्पिनरों ने 72 गेंदें लेकिन इस विकेट पर किसी को सफलता नहीं मिली।

### टेनिस सट्टेबाजी में लिप्त रहा शीर्ष 30 में शामिल खिलाड़ी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बर्लिन। विश्व रैंकिंग में शीर्ष 30 में शामिल एक खिलाड़ी सहित 135 से अधिक टेनिस खिलाड़ी सट्टेबाजी में लिप्त रहे। जर्मन मीडिया ने रविवार को यह रिपोर्ट दी। दैनिक समाचार पत्र 'डाइ वेल्ट' और प्रसारक 'जेडडीएफ' की संयुक्त रिपोर्ट के अनुसार विश्व रैंकिंग में शीर्ष 30 में शामिल एक पुरुष खिलाड़ी भी इसमें शामिल है। इस खिलाड़ी ने तीन एटीपी टूर खिताब जीते हैं। बेल्जियम के सरकारी अभियोजक एरिक बिसचोप ने जेडीएफ से कहा, ''हम आर्मेनियाई सट्टेबाजी माफिया नेटवर्क के बारे में बात कर रहे हैं जो यूरोप में सात देशों में फैला है और बड़े स्तर पर हेराफेरी करता है।'' उन्होंने कहा कि इस मामले में फिक्स मैचों पर सैकड़ों छोटे छोटे सट्टे शामिल हैं जिसमें प्रत्येक मामले में लाखों यूरो की कमाई की गयी। जेडडीएफ और डाइ वेल्ट ने अर्जेंटीना के पूर्व खिलाड़ी मार्को ट्रुंगेलिटी से भी बात की जिन्होंने दावा किया था कि सट्टेबाजों ने उनसे संपर्क किया था।

### ब्रायन लारा बोले, क्रिकेट के क्रिस्टियानो रोनाल्डो हैं विराट कोहली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** विशाखापत्तनम। दुनिया के महान बल्लेबाजों में शुमार ब्रायन लारा का मानना है कि टीम इंडिया के कैप्टन विराट कोहली खेल के प्रति अपने समर्पण के मामले में सुपरस्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो की तरह हैं। लारा ने साथ ही कहा कि भारतीय ओपनर लोकेश राहुल भी प्रतिभा के मामले में भारतीय कप्तान के समकक्ष ही हैं। लारा ने कहा कि बल्लेबाजी को 'अविश्वसनीय स्तर' तक ले जाने के लिए अपनी प्रतिभा को निखारने के कोहली के फन के वह मुरीद हैं। लारा ने कहा, 'यह विराट की तैयारी के अलावा क्रिकेट के प्रति उनके असाधारण समर्पण की भी बात है। मुझे नहीं लगता कि वह केएल राहुल या रोहित शर्मा से ज्यादा प्रतिभाशाली हैं लेकिन खुद को तैयार करने के लिए उनका समर्पण ही उन्हें अलग बनाता है। वह क्रिकेट के क्रिस्टियानो रोनाल्डो हैं।' उन्होंने कहा, 'विराट की फिटनेस का स्तर और मानसिक दृढ़ता अविश्वसनीय है।'